
Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 185 ● मुंबई, मंगलवार 04 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने राजस्थान विधान सभा को देखा



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सोमवार को यहां राजस्थान विधान सभा में कानोडिया पी.जी महिला महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विषय की स्नातकोत्तर की छात्राओं ने मुलाकात की। महाविद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को राजस्थान विधान सभा के सदन में प्रश्नकाल की प्रक्रिया को देखा और सदन में विधायकगण की चर्चा को सुना। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. निमिषा गौड, संजू शर्मा और स्वाती ने छात्राओं के दल के साथ विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को भी देखा।

### संसदीय राजभाषा की उपसमिति सदस्यों ने की डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से भेंट



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के सदस्यों ने सोमवार को अपनी उदयपुर यात्रा के दूसरे दिन सिटी पैलेस का भ्रमण किया। पूर्व राजपरिवार सदस्य डॉ लक्ष्यराज सिहं मेवाड़ से उपसमिति सदस्यों ने भेंट की। मेवाड़ और सदस्यों के बीच विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। डॉ लक्ष्यराज सिंह ने मेवाड़ के समृद्ध इतिहास, यहां की संस्कृति, सिटी पैलेस व अन्य पर्यटन स्थलों के महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समसामयिक विषयों पर भी व्यापक विचार-विमर्श हुआ। उपसमिति सदस्य मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास-परम्परा से अभिभूत हुए और उदयपुर शहर की सुंदरता की प्रशंसा की। गौरतलब है कि संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के सदस्य तीन दिवसीय उदयपुर यात्रा पर है। उपसमिति में लोकसभा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बलकर, राज्यसभा सदस्य इराना कदादी, नीरज डांगी व संगीता यादव शामिल हैं।

### अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा स्वरोजगार के लिए साक्षात्कार मंगलवार को

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा स्वरोजगार के लिए विभिन्न योजनाओ में ऋष्ठा आवेदन ऑनलाईन किये गये थे, जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, अन्य पिछडा वर्ग एवं विशेष योग्यजन आदि वर्ग सम्मिलित है सभी वर्ग के साक्षात्कार जिला कलक्टर की अध्यक्षता में नवनिर्मित पुनर्वास गृह सर्किट हाउस के सामने बांसवाड़ा रोड़ प्रतापगढ़ में 4 मार्च, मंगलवार को प्रात्त 10 से सांय 5 बजे तक लिए जावेगें, जिसमें लाभार्थी अपने मूल दस्तावेज जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, वार्षिक आय प्रमाण-पत्र या बीपीएल कार्ड होने पर राशन कार्ड किसी भी बैंक से ऋष्ठा नहीं होने का स्वंय के द्वारा सत्यापित प्रमाण-पत्र एंव विशेष योग्यजन होने पर विशेष योग्यजन प्रमाण-पत्र एवं मूल आवेदन पत्र लेकर साक्षात्कार में उपस्थित होवें। विभाग के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि लाभार्थी उचित समय एवं दिनांक को साक्षात्कार में उपस्थित होवें जो लाभार्थी साक्षात्कार से वंचित रहेगा उसका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

### समाज में शोध का वातावरण विकसित करने की आवश्यकताकृ श्री मनोज कुमार

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** साहित्य जगत के प्रख्यात चिंतक श्री मनोज कुमार ने अपने उदयपुर प्रवास के दौरान सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में शोधार्थियों से परिसंवाद किया, जिसमें विभिन्न विषयों के लगभग 30 शोधार्थी उपस्थित थे। परिसंवाद के दौरान शोधार्थियों से वर्तमान शोध के स्तर, शोध पर्यवेक्षक एवं शोधार्थियों की शोध के प्रति रुचि, शोध में मौलिकता, शोध की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत में एक निश्चित फ्रेमवर्क में हो रहे शोध कार्य शोधार्थियों में निरसता उत्पन्न करते हैं। शोध के स्तर में गुणवत्ता और मौलिकता उत्पन्न करने के लिए सर्वप्रथम शोध पर्यवेक्षक एवं शोधार्थी की शोध के प्रति रुचि और निष्ठा होना आवश्यक है भारत में शोध भारतीय मानकों के आधार पर होने चाहिए हमारे शोध पद्धतियों और मापदंडों का अनुकरण वैश्विक स्तर पर हो।

## आरवीयूएनएल और सिंगरेनी कोलियरीज के मध्य हुआ एमओयू

# ऊर्जादाता की भूमिका निभाएगा हमारा राजस्थानः मुख्यमंत्री शर्मा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने प्रदेश में सुदृढ़ प्रसारण तंत्र एवं थर्मल और अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इन दूरगामी निर्णयों से राजस्थान जल्द ही देश में ऊर्जादाता की भूमिका में उभरेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) तथा केन्द्र सरकार और तेलंगाना सरकार के उपक्रम सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के बीच संपादित हुआ एमओयू प्रदेश में बिजली उत्पादन एवं आपूर्ति की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड एंव राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के मध्य आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ ही राजस्थान सौर ऊर्जा में अपार संभावनाओं वाले राज्य के रूप में उभर रहा है।



जल्द ही राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के किसानों को 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में नीतिगत निर्णय लेते हुए उनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित भी कर रही है। राजस्थान में बनेगा 1500 मेगावाट का सोलरपार्क, मिलेगी 800 मेगावाट बिजली शर्मा ने कहा कि एमओयू के तहत 1600 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाएं तेलंगाना में स्थापित होंगी। इसमें से 800-800 मेगावाट बिजली तेलंगाना एवं राजस्थान दोनों राज्यों को मिलेगी। इसके अतिरिक्त राजस्थान में 1500 मेगावाट का सोलर पार्क स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए आरवीयूएनएल ने भूमि भी चिन्हित कर ली है। इस पार्क में लगभग 6 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इन सभी परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 22 हजार करोड़ रुपये है।

### 54000 मेगावाट क्षमता के लक्ष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 में राजस्थान द्वारा 2030 तक 125 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हमने परंपरागत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 54 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत क्षमत्ता के लक्ष्य को वर्ष 2031-32 तक प्राप्त करने की दिशा में दूरगामी निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार ने केंद्रीय उप मों के साथ 10 मार्च, 2024 को तथा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान कुल 2 लाख 28 हजार 800 करोड़ रुपये के निवेश समझौते किए। साथ ही, पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन तथा आरवीयूएनएल के मध्य 10 हजार करोड़ का निवेश एमओयू भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित पीएसयू, विभाग एवं एजेंसियां इन परियोजनाओं को जल्द पूरा कर प्रदेश और देश की बिजली जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री श्री मल्लू भट्टी वि मार्क ने कहा कि राजस्थान की अपार सौर ऊर्जा एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर रही है। तेलंगाना की थर्मल ऊर्जा उत्पादन में दक्षता एवं राजस्थान की असीमित सौर क्षमता के लिए संपादित हुआ यह एमओयू ऊर्जा क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखेगा। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने कहा कि ऊर्जा विभाग तेलंगाना सरकार के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए इन परियोजनाओं का त्वरित ि यान्वयन सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने एक प्रस्तुतीकरण देते हुए एमओयू के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्य म में प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा (तेलंगाना) संदीप कुमार सुल्तानिया, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आरवीयूएनएल के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के सीएमडी एन. बलराम सहित संबंधित विभागों के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में हो रहा मेले का आयोजन

# राज्यस्तरीय आरोग्य मेले आरोग्यम 2025 में उमड़ा जनसैलाब

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** आयुष विभाग राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 01 मार्च से 04 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय आरोग्य मेला ''आरोग्यम्-2025'' शिल्प ग्राम, जवाहर कला केन्द्र में तीसरे दिन भी भारी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया गया। मंगलवार, दिनांक 04 मार्च को मेले का अंतिम दिन रहेगा। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग एवं नेचुरोपैथी चिकित्सा पद्धतियों द्वारा एक ही परिसर में उपचार एवं परामर्श आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। मेले में जन-सामान्य के स्वास्थ्य संरक्षण, स्वास्थ्य के प्रति चेतना एवं रोगों के निवारण हेतु चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ आयुष चिकित्सा पद्धतियों की विभिन्न विधाओं से आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। मेले में प्रातः 7 से 8 बजे तक योग विशेषज्ञों द्वारा योगाभ्यास करवाकर शारीरिक, मानसिक बीमारियों का ईलाज किया जा रहा है। सोमवार को शासन उप सचिव सावन कुमार चायल के साथ डॉ. आनन्द कुमार शर्मा, निदेशक, आयुर्वेद विभाग, डॉ. बत्तीलाल बैरवा, नोडल प्रभारी मेला ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अवलोकन किया। प्रतिदिन के व्याख्यान




माला के अंतर्गत आज के प्रथम सत्र में चेयरपर्सन डॉ. श्रीराम तिवाडी (विशेषाधिकारी) उपमुख्यमंत्री, डॉ. समय सिंह मीणा, सहायक औषधी नियंत्रक के सानिध्य में डॉ. एकलव्य बोहरा, प्राचार्य एवं उनकी टीम स्वास्थ्य कल्याण, आयुर्वेद महाविद्यालय, जयपुर द्वारा यौगिक षट्कर्म का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सत्र में डॉ. योगेश्वरी गुप्ता, स्वास्थ्य कल्याण, होम्योपैथी महाविद्यालय, जयपुर ने अश्मरी (पथरी) पर व्याख्यान दिया, जिसमें चेयरपर्सन के रूप में डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी, सहायक नोडल प्रभारी मेला एवं डॉ. दिनेश चौधरी, सहायक निदेशक, होम्योपैथी रहे। सहायक निदेशक एवं मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मण सैनी ने बताया कि मेले में पंचकर्म चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, जलौका चिकित्सा, अग्निकर्म चिकित्सा, औष्टियोपैथी, स्वर्णप्राशन, यूनानी चिकित्सा, होम्योपैथी चिकित्सा आदि के विशेषज्ञों द्वारा मेले में तीन दिवस में लगभग 16 हजार 802 जन-सामान्य को विभिन्न रोगों पर परामर्श एवं उपचार व निःशुल्क औषधि वितरण कर लाभान्वित किया गया। औषध पादप मण्डल द्वारा मेले में औषधीय पादपों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रतिदिन सायंकाल 6.30 बजे से 8.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मानस रोगों में लाभदायक रागों का प्रस्तुतीकरण भी किया जा रहा है।

# विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष आरती डोगरा ने ली बैठक

● पदमावत मीडिया

**बीकानेर ।** प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष आरती डोगरा ने सोमवार को जोधपुर डिस्कॉम के बीकानेर संभाग के अधीन समस्त विद्युत सर्किल्स के अधिशाषी अभियंता स्तर के अधिकारियों की बैठक बीकानेर जोनल अभियंता कार्यालय में ली। इस दौरान डोगरा ने निर्देश दिए कि संभाग के अधिशाषी अभियंता अपने अधीन समस्त जीएसएस का निरीक्षण करें। आगामी ग्रीष्मकाल के मद्देनजर पूर्ण मुस्तैदी से कार्य किया जाए, जिससे आम उपभोक्ताओ को बिजली आपूर्ति में परेशानी नहीं हो। उन्होंने बकाया की वसूली के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के साथ सर्वाधिक लोसेस वाले सब डिविजन क्षेत्रों के लिए विशेष अभियान चलाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। वितरण निगमों की अध्यक्ष ने कहा कि जीएसएस पर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें। उन्होंने सभी सर्किल्स के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि प्रत्येक जीएसएस का निरीक्षण करवाया जाए। अगले माह अजमेर और जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं द्वारा जोधपुर डिस्कॉम के जीएसएस की व्यवस्थाओं का क्रॉस वेरिफिकेशन करवाया जाएगा। इस दौरान यदि किसी प्रकार की अव्यवस्थाएं मिली तो, संबधित अधिशाषी अभियंता की



जिम्मेदारी तय की जाएगी। डोगरा ने विद्युत छीजत की स्थिति की समीक्षा की और इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि विद्युत मीटर रीडिंग की क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाए। यदि कहीं अवैध ट्रांसफार्मर पाया जाता है, तो ऐसे मामलों में ट्रांसफार्मर हटाने के साथ ऐसा करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर करवाई जाए। डिस्कॉम्स अध्यक्ष ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर फीडर सुधार से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। निचले स्तर तक की मशीनरी को एक्टिव करने के साथ नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जोनल अभियंता द्वारा अधीक्षण, अधिशाषी और सहायक अभियंता से लेकर फीडर इंचार्ज के साथ नियमित फीडबैक लिया जाए। डोगरा ने कहा कि अधिशाषी अभियंता पीएम कुसुम प्लांट्स का भी नियमित निरीक्षण करें तथा फीडर पर होने वाली ट्रिपिंग की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में स्वीकृत 33 द्ध1 जीएसएस निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने आरडीएसएस योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नए विद्युत कनेक्शन के आवेदन बेवजह लंबित नहीं रहें। खराब मीटर बदलने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति से जुड़े किसी कार्य में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में निदेशक (तकनीकी) वी.के. छंगाणी, निदेशक (वित्त) ओ. पी. सीरवी, जोनल अभियंता के. के. कस्वां सहित संभाग के चारों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिये तेल व घी के सेम्पल

● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियत्रंण राजस्थान एच. गुईटे के आदेशानुसार त्योहारी सीजन में शुरू किये गयें शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला कलक्टर अवधेश मीणा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार परमार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिहं सोलंकी के द्वारा मैसर्स पदमावती ट्रेडिंग हाउस लवकुश स्कूल के सामने सलूम्बर का औचक निरीक्षण किया गया। किराणा विक्रेता को फुड सेफ्टी डिसप्ले बोर्ड प्रदर्शित करने साफ-सफाई रखने, कार्यरत कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनाने एवं पेस्ट कन्ट्रोल करवाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रतिष्ठान से कुल 2



नमूनें कच्ची घाणी सरसो का तेल (जय मेवाड ब्रांड) व घी (परम ब्रांड) के लिये गए है उक्त नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा जॉच रिर्पोट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। डॉ. महेन्द्र कुमार परमार ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्यवाही सम्पूर्ण जिले में अनवरत रूप से जारी रहेगी तथा मिलावटियों के खिलाफ व खाद्य व्यापारीयों को दियें गयें निर्देशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# पुरोहितों की मादड़ी अण्डर पास में बनी लोहे की ग्रील टूटी, हादसे का अंदेशा

## पिछले कई दिनों से है टूटी, रोजाना 6-7 दूपहिया वाहन चालक गिर रहे

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर के पुरोहितों की मादड़ी रोड नम्बर 1 पर स्थित अण्डर पास (पुलिया) में बरसाती पानी निकालने के लिए लगाई गई लोहे की ग्रील जो पूरी तरह से टूट चुकी है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की एवं राहगिरों के जान-माल का खतरा हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछ्ले एक महिने से पुरोहितों की मादड़ी अण्डर पास के नीचे बारिश के पानी के लिए बनाई गई दोनों तरफ की लोहे की ग्रील टूट कर बाहर निकल गई है। लेकिन सम्बन्धित विभाग की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। टूटी हुई लोहे की ग्रील से प्रतिदिन करीब 6-7 दूपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रही। लोहे की ग्रील पुरी तरह से रोड के अन्दर बनी नाली में घुस गई है और ग्रील के तार उपर तक आ गए है जिससे कई वाहन चालक इसकी चपेट में आ रहे। जिन



वाहन चालाकों को इसकी जानकारी वो साईड से निकल रहे लेकिन जो व्यक्ति अनजान व पहली बार इस रोड से आ रहा वो चोटिल हो रहा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय पार्षद से बात की गई जिस पर उन्होंने कहां कि यह पुलिया यूडीए के अन्तर्गत आता है तो उसे वहीं ठीक करवाएंगे। पार्षद ने कहा कि मैने तीन से चार बार यूडीए के सम्बन्धित विभाग में शिकायत कर चुका हूं लेकिन हालत जस के तस है। क्षेत्रवासियों ने सम्बन्धित विभाग से अण्डर पास पुल के दोनों ओर लगी लोहे की ग्रील को ठीक करवाने की मांग की है।

## मुण्डियारामसर में 8 मार्च को होगा मेगा रोजगार मेले का आयोजन

# मंत्री राज्यवर्धन सिंह जी राठौड़ करेंगे मेगा रोजगार मेले का उद्घाटन

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आगामी 08 मार्च, 2025 को जयपुर के मुंडियारामसर में उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का उद्घाटन उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। उपनिदेशक, उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय नवरेखा ने बताया कि मेगा रोजगार मेले में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा, सिक्योरिटी, कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 40 निजी




नियोजक अपनी रिक्तियों के अनुसार मौके पर ही युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें। विभिन्न सरकारी विभाग मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेगें। मेगा रोजगार मेले का अधिक से अधिक युवा आशार्थी एवं नियोजक लाभ प्राप्त कर सकें, इस उद्देश्य से माननीय मंत्री महोदय एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया, जिसके माध्यम से आशार्थी एवं नियोजक मेले में पंजीकृत हो कर भाग ले सकतें है। हाल ही की बजट घोषणा में रोजगार मेलों के आयोजन कैंपस इंटरव्यू तथा नये निवेश के स्थानीय युवाओं के रोजगार को प्रोत्साहन देते हुए निजी क्षेत्र में भी आगामी वर्ष एक लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। मंत्री राज्यवर्धन सिंह जी राठौड़ ने युवाओं से आव्हान करते हुए कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए वर्तमान सरकार प्रतिबद्ध है। वर्तमान में निजी क्षेत्र में रोजगार की अपार सभावनाएं हैं, अतः अधिक से अधिक संख्या में युवा आशार्थी इस मेगा रोजगार मेले में भाग ले कर उक्त मेले का लाभ उठायें। इस मेगा रोजगार मेले में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्नातक, स्नातकोतर, डिप्लोमा, आईटीआई, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी आशार्थियों के लिए रिक्तियां है, अतः सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त मेगा रोजगार मेले का लाभ उठायें।

## 12वां क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनमी फोरम समारोह

# सर्कुलर इकॉनमी इंसेंटिव स्कीम लेकर आएगी राज्य सरकार एमएसएमई और स्टार्टअप्स को मिलेगी 2 करोड़ तक की सहायताः मुख्यमंत्री शर्मा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सर्कुलर इकॉनमी अत्यंत प्रभावी माध्यम है। इस व्यवस्था में अपशिष्ट को रिसाइकिल और रियूज किया जाता है जिससे ऊर्जा की खपत घटती है और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार भी इस दिशा में कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाकर मिशन में अग्रणी भूमिका निभा रही है। शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनमी फोरम समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यावरण प्रबंधन केंद्र की स्थापना की गई है, ताकि कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग को ज्यादा प्रभावी तरीके से किया जा सके। साथ ही, ट्रीटेड वॉटर के उपयोग के लिए नई नीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के जरिए नागरिकों को अनुपयोगी वस्तुओं के दान और पुनरुपयोग की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राजस्थान में कचरा प्रसंस्करण की क्षमता को 21 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर इसके दोगुने से भी ज्यादा यानी करीब 45 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। वेस्ट-टू-एनर्जी योजनाओं के तहत कंपोस्ट, आरडीएफ, और जैविक उर्वरक उत्पादन पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एमआरएफ प्लांट्स के जरिए प्लास्टिक और रिसाइकल योग्य सामग्री को अलग कर ई-वेस्ट, बैटरी वेस्ट और खतरनाक कचरे का निस्तारण किया जा रहा है।



### प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से धरती संकट में

शर्मा ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन लगभग 400 प्रतिशत बढ़कर 106 बिलियन टन के आंकड़े को भी पार कर चुका है। चिंता की बात यह है कि इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक संसाधन बर्बाद हो जाते हैं और केवल 8.6 प्रतिशत ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में वापस आ पाते हैं। यह स्थिति धरती को संकट में डाल रही है और जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी समस्याएं गहराती जा रही हैं।

### केन्द्र सरकार ने तैयार किया सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता अभियान चलाया है। इसके साथ ही, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, सौर पैनल और कृषि अपशिष्ट जैसे 11 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप तैयार किया गया है।

### राजस्थान ने की ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत विकास में पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान ने ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत विकास में भी पहल की है। राजस्थान पहला राज्य है जिसने ग्रीन बजट पेश किया है और इसमें 27 हजार 854 करोड़ रुपये ग्रीन परियोजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 250 करोड़ रुपये के निवेश के साथ सर्कुलर इकॉनमी पार्क और स्वच्छ एवं हरित तकनीक विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सर्कुलर इकॉनमी इंसेंटिव स्कीम लेकर आएगी, जो एमएसएमई और स्टार्टअप्स को 2 करोड़ रुपये तक की सहायता देगी। इसके साथ ही राजस्थान व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी के माध्यम से पुराने वाहनों के निष्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। शर्मा ने कहा कि हम शून्य अपशिष्ट समाज का सपना साकार करने के लिए सर्कुलर इकॉनमी एलायंस नेटवर्क की स्थापना के जरिए सरकार, निजी क्षेत्र और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देंगे।

### भारत सर्कुलर इकॉनमी के क्षेत्र में निभा रहा अग्रणी भूमिका

कार्यक्रम में केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि भारत सर्कुलर इकॉनमी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। थ्री आर (रिड्यूस, रियूज एवं रिसाइकल) आज की अर्थव्यवस्था की जरूरत और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस फोरम में %जयपुर घोषणा पत्र% के तहत सी थ्री (सिटीज कोलिशन फॉर सर्कुलरिटीज) के मापदण्डों पर बल दिया जाएगा। इसमें संसाधन कुशल और कम कार्बन उत्सर्जन वाले समाज को बढ़ावा देने में अगले दशक की दिशा निर्धारित की जाएगी। खट्टर ने कहा कि सिटीज 2.0 एक ऐसी अनूठी पहल है जो इन्टीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेन्ट और जलवायु परिवर्तन की दिशा में कार्यवाही को आगे बढ़ाती है। इसके तहत 14 प्रदेशों के 18 शहरों में समयबद्ध रूप से परियोजनाओं को लागू कर कचरा प्रबंधन संयत्र लगाने, कचरे से खाद, कचरे से ऊर्जा बनाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि सर्कुलर इकॉनमी को अपनाते हुए ही कोई भी देश आत्मनिर्भर बन सकता है। केन्द्र सरकार ने पंचामृत लक्ष्य, मिशन लाईफ जैसे अभियानों से जहां अपशिष्ट के रिसाइकिल एवं रिड्यूस को बढ़ावा दिया हैं वहीं इससे नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है। कार्यक्रम में जापान, यूएन, एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी वीडियो संदेश के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय शहरी विकास कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड, आंध्रप्रदेश और हरियाणा के शहरी विकास मंत्री, विभिन्न राज्यों के शहरी विकास विभागों के अधिकारीगण, नगरीय आयुक्त एवं महापौर उपस्थित रहे।

---

# श्री चैतन्या स्कूल के विज्ञान मेले में बालकौशल का प्रदर्शन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर के श्री चैतन्या टेक्नो विद्यालय में दिनांक 01-03-25 को महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन की स्मृति पर विशेष विज्ञान प्रदर्शनी का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को लेकर आयोजन किया गया।विज्ञान मेले का शुभारंभ अतिथिगण असिस्टेंट प्रोफेसर अजय नागदा और गौरव शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया जिसमें 90 से अधिक बाल वैज्ञानिकों ने अभिनव परियोजनाओं, मॉडलों, खेलों और वैज्ञानिक खिलौनों के साथ अपनी रचनात्मकता, जिज्ञासा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रदर्शनी में कई रोचक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें मानव नेत्र, सोलर ऊर्जा प्लांट ,अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र, यकृत,वृक्क, मानव पाचन तंत्र और सौर मंडल के मॉडल शामिल थे।

उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानाचार्य श्रीमती प्रशांति जी, डीन श्रीमान रणजीत सिंह जी, श्रीमती मोनिका चौहान एवं समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मॉडल प्रदर्शन को देखने के लिए माता-पिता, अभिभावको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

---

## 13वें श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति संरक्षण पुरस्कार-2025

# डॉ. कमलेश शर्मा को मिला पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** बाघ संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत रणथंभौर की विश्व प्रसिद्ध संस्थाटाइगर वॉच की ओर से वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण पुरस्कारों के तहत पर्यावरणीय विषयों पर लेखन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के माध्यम से पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में जनजागरूकता पैदा करने के लिए पुलिस मुख्यालय में कार्यरत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर व लेखक डॉ. कमलेश शर्मा को पीपल एंड नेचर÷ सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बांसवाड़ा जिले के बड़ोदिया कस्बे के मूल निवासी डॉ. कमलेश शर्मा को यह अवार्ड सवाई माधोपुर के फतेह पब्लिक स्कूल में आयोजित 13वें श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति व्याख्यान एवं संरक्षण पुरस्कार - 2025 समारोह में उनके पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दीर्घकालिक समर्पण व स्वस्फूर्त प्रयासों के लिए दिया गया।



अतिथियों ने पुरस्कार के तहत डॉ. शर्मा को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और 21 हजार रुपयों का चैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम दौरान टाइगर वॉच के ख्यातिप्राप्त जीव विज्ञानी डॉ. धर्मेंद्र खांडल ने सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों के बारे में जानकारी दी और इनके द्वारा पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम में राजस्थान के हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स (हॉफ) अरिजीत बनर्जी, महाराष्ट्र के रिटायर्ड पीसीसीएफ और पर्यावरणीय विषयों के जानकार सुनील लिमये, सरिस्का के फिल्ड डायरेक्टर अनूप के राघवन आदि बतौर अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर ख्यातनाम वन्यजीव व पक्षी विशेषज्ञ हर्षवर्धन,पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा, वरिष्ठ मीडियाकर्मी अरविंद चोटिया सहित देशभर के पर्यावरणप्रेमी मौजूद रहे। डॉ. खांडल ने बताया कि वर्तमान में पुलिस मुख्यालय,जयपुर में कार्यरत डॉ. शर्मा का चयन द्वारा पिछले 25 वर्षो से जनसंपर्क पत्रकारिता के माध्यम से पर्यावरण, वन्यजीव और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। देशभर की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में आपके आलेखों का प्रकाशन हुआ है। बोम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी की मैगजीन में दुर्लभ व खतरे के निकट पक्षियों, वन्यजीवों, तितलियों, वृक्षों की खोज और वन्यजीव व पक्षियों के संरक्षण से संबंधित विषयों पर आलेख व शोध रिपोर्ट्स के प्रकाशन के साथ ही डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर व जयपुर जिले में आयोजित हुए बर्ड फेस्टिवल की शुरूआत में आपकी सक्रिय भूमिका रही। इसके अलावा कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में बाघों के पुनर्वास के प्रति ग्रामीण जनमानस में पसरी भ्रांतियों को दूर कर जनजागरूकता पैदा करने में सक्रिय भूमिका निभाने, डूंगरपुर में खतरे के निकट घोषित ब्लेक हेडेड आईबीस के सैकड़ों घौंसलों वाले पेड़ काटे जाने पर दो सौ से अधिक पक्षियों व चिक्स को जीवनदान देने, तथा श्यामपुरा में एक साथ 38 प्रजातियों की पक्षियों की अवस्थिति को उद्घाटित कर इसे वन प्रकृति शिक्षा केन्द्र बनाने की मुहिम चलाने के लिए डॉ. शर्मा का चयन किया गया।

---

## बाल साहित्य लेखन के क्षेत्र में विमला भंडारी को साहित्य विभूषण सम्मान 2025



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** डॉ. विमला भंडारी को उनके समग्र बाल साहित्य लेखन के श्रेष्ठ अवदान के लिए सियाराम अवस्थी साहित्य विभूषण सम्मान 2025 से नवाजा गया। बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स की ओर से प्रतिवर्ष साहित्यकारों को सम्मानित करने के क्रम में द्वारा दिल्ली के मयूर विहार स्थित क्राउन प्लाजा होटल में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया गया। समारोह में देश के जानेमाने साहित्यकार चित्रा मुद्गल, राहुल देव, डॉ. सी पी देवल, प्रकाश मनु, प्रेम जनमेजय, डॉ. संजीव कुमार, दिविक रमेश, मनोरमा उपस्थित रहे।

अब तक 40 से अधिक पुस्तकों की रचना कर चुकी डॉ. विमला भंडारी को साहित्य अकादमी दिल्ली, राजस्थान साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य संस्कृति परिषद और राजस्थानी भाषा साहित्य संस्कृति अकादमी से कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। अपने लेखन के लिए अब तक 50 से अधिक पुरस्कार और सम्मान से पाने वाली विमला भंडारी 15 वर्षो से अखिल भारतीय स्तर पर बाल साहित्यकार सम्मेलन आयोजित करवा रही है। वे सलिल प्रवाह वार्षिकी की मुख्य संपादक है। श्रेष्ठ लेखन और तीस वर्षो से स्थापित साहित्यिक संस्था सलिला, सलूम्बर की अध्यक्ष और संस्थापिका है।

---

# राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ कर रही राजसमंद संसदीय क्षेत्र का लगातार दौरा

## स्कूलों में विद्यार्थियों से संवाद, धार्मिक स्थल पर दर्शन और विकास कार्यों का उद्घाटन

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज अपने दौरे के दौरान राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा बनते हुए लोगों से मुलाकात की और कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। सांसद महिमा कुमारी ने सबसे पहले राम कथा में भाग लिया, जो लावा सरदारगढ़ में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संतों से आशीर्वाद लिया और राम कथा श्रवण किया। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों से धर्म, संस्कृति और सेवा की भावना को बढ़ावा देने की अपील की। इसके बाद, सांसद महिमा कुमारी ने *राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुवारिया का दौरा किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें



अपने जड़ों से जुड़ने का महत्व समझाया। सांसद महिमा कुमारी ने विद्यार्थियों से कहा कि ÷आपका शिक्षा जीवन और संस्कार आपकी जड़ों से जुड़ा होना चाहिए। जीवन में सफलता पाने के लिए अपने मूल्यों और संस्कृति को समझना और अपनाना बहुत जरूरी है।÷ इसके पहले, सांसद ने विद्यालय परिसर का दौरा किया, जहां पहल संस्थान और विद्यालय प्रबंधन ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के कमरों में आवश्यक उपकरणों की स्थापना की गई थी। इस आयोजन में सांसद ने पहल फाउंडेशन और दानदाताओं की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय कार्यक्रम के बाद, महिमा कुमारी मेवाड़ ने चारभुजा मंदिर (कुंवारिया) में दर्शन किए और चारभुजा जी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और क्षेत्रवासियों के लिए सुख-शांति की कामना की। इसके बाद, उन्होंने हनुमान मंदिर (कुंवारिया) का दौरा किया, जहां उन्होंने बजरंगबली से आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर परिसर में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इसके बाद, महिमा कुमारी मेवाड़ ने जुणदा खेड़ी में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा कक्षों के निर्माण, विज्ञान प्रयोगशाला, स्नानघर, शौचालय, शमशान घाट, ट्यूबवेल और साराय निर्माण जैसे कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय लोग उपस्थित थे। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने भाषण में कहा, हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारे क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर चल रहे हैं और हम लगातार अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। इन कार्यों से लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और यह क्षेत्र समृद्ध होगा। महिमा कुमारी मेवाड़ के लगातार दौरे से राजसमंद क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज हो रही है और स्थानीय लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

---

## मानव जीवन को सुगम बनाता अंतर्निहित क्यू एन एक्स ऑपरेटिग सिस्टम पर व्याख्यान आयोजित

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** विज्ञान समिति व डॉ ड़ी एस कोठरी इंस्टिट्यूट के सांझे में आज प्रारम्भ हुई व्याख्यान माला में हैदराबाद ब्लैकबेरी के इंज राज कुमार जैन का क्यू एन एक्स ऑपरेटिग सिस्टम पर व्याख्यान आयोजित हुआ 7 अपने व्याख्यान में जैन सा ने बताया की क्यू एन एक्स ऑपरेटिग सिस्टम किसी में अंतर्निहित होकर उसके हार्डवेयर को चलाता है मसलन चालक रहित कार, मेडिकल रोबोट, माइनिंग रोबोट, कार का डिजिटल कॉकपिट, एक्सीडेंट होते ही त्वरित गति से बैग खुलना आदि उन्होंने बताया की चीन ऑटो टेक्नोलॉजी उपग्रेडेशन के मामले में विश्व से कहीं आगे है ओर अगर मुकाबला कर रोका नहीं गया तो वह विश्व बाजार पर एकाधिकार कर लेगा उनकी कंपनी ने क्यू एन एक्स एब्रीवेयर के तहत विश्वविद्यालयों ने संपर्क कर गैर व्यवसायिक उपयोग के लिये सम्पूर्ण सुविधा निशुल्क



उपलब्ध कराने का करार किया है ताकि वहां के छात्र पारंगत हो मेक इन इंडिया का हिस्सा बने डॉ विमल शर्मा ने कहा कि क्यू एन एक्स जैसे अंतर्निहित ऑपरेटिग सिस्टम कि बदौलत इंसानी जीवन बहुत सुगम हुआ है व आज सेफ्टी, सिक्योरिटी, परफॉरमेंस, रिलिएबिलिटी व स्कैलेबिलिटी जैसे पैमानो पर खरा उतरने वाला ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ही कंपनियों की पहली पसंद है मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने आगे बताया कि कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते प्रो महिप भटनागर ने स्वागत उद्बोधन दिया, डॉ के पी तलेसरा ने मुख्य वक्ता का परिचय पढ़ा, श्री मुनीश गोयल व डॉ के एल तोतावत ने तिलक, माला, ऊपरण पहना जैन सा का बहुमान किया, डॉ आर के गर्ग ने संचालन व आभार व्यक्त किया कुल प्रमुख के एल कोठारी ने परिचर्चा प्रारम्भ की व जैन सा ने पूछे गये सभी सवालों का जवाब देकर श्रोताओं कि जिज्ञासा को शांत किया।

---

## नवजात मृत्यु दर कम करने हेतु 1 मार्च से शुरू हुआ अभियान

# नवजात शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए संकल्प प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्यशाला आयोजित

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** जिले में नवजात शिशु मृत्युदर में कमी लाने और सुरक्षित प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से जिले में 1 मार्च से अभियान शुरू किया गया। इसके अंतर्गत सोमवार को झौथरी व बिछीवाड़ा ब्लाक की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने ऑडिटोरियम में कार्यशाला में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी एवं एएनएम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर संकल्प प्रोजेक्ट के माध्यम से जिले में नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य नवजात मृत्यु दर में कमी लाने हेतु जो रिसर्च की गई है तथा जहां पर गैप हैं उस पर काम करना है। उन्होंने समस्त आगनवाडी कार्यकर्ता,आशा, एएनएमए, सीएचओ, तथा चिकित्सा से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि इसे तो सबसे पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी तथा एएनएम गर्भवती महिला के संपर्क में रहे तथा सही रिपोर्टिंग करें। उन्होंने कहा कि सही फीडबैक मिलने पर ही समस्या का समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने गर्भवती माता को पोषण के लिए जागरूक करने, सही समय पर चेकअप करने, हाई रिस्क कैटेगरी में आने वाली गर्भवती माताएं जिनकी एनीमिक कंडीशन है, उन्हें सीधा ही जिला मुख्यालय चिकित्सालय में संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करने, नवजात शिशु की दिए गए प्रोटोकॉल के अनुसार निर्धारित समय पर जांच करने एवं ट्रैकिंग करने के कार्यों को पूरी



जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता, आईसीएमआर टीम के प्रतिनिधी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। जिला कलक्टर सिंह ने बताया कि आईसीएमआर नई दिल्ली के द्वारा सुनियोजित संकल्प प्रोजेक्ट जिले में संचालित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न डवलपमेंट पार्टनर एजेंसीज के सहयोग से संकल्प प्रोजेक्ट के तहत् डूंगरपुर जिले में शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य कर स्वास्थ्य गतिविधियों को सुनियोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग पंकज द्विवेदी ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों को आपस में समन्वय रखते हुए नियमित संपर्क करने नवजात शिशु तथा गर्भवती महिला के गृह भ्रमण करने, सुपरवाइजर एवं एएनएम की संयुक्त बैठक कर आने वाले समय में होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेने, हाई रिस्क प्रेगनेंसी पर विशेष फोकस करने पोषाहार वितरण समय पर करने तथा महिला को सदुपयोग के लिए प्रेरित करने, मेरी स्थान और समय का सही प्रबंधन करने के निर्देश दिए ।कार्यशाला में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जन्म की तैयारी और जटिलताओं के लिए तत्परता, जीवन शैली पोषण व्यायाम और आराम, साफ सफाई, नवजात शिशु की देखभाल, ममता कार्ड में दिए गए समस्त प्रोटोकॉल के अनुसार 42 दिन नियमित मॉनिटरिंग करना, ञ प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत नियमित जांच करवाना, विशेष परिस्थितियों में दिए जाने वाला उपचार सहित पूरे प्रोजेक्ट तथा किए जाने वाले कार्य की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

# विशेष ड्यूटी मजिस्ट्रेट एतद्द्वारा नियुक्त

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष माह मार्च 2025 में 13 मार्च 2025 को होलिका दहन, 14 मार्च 2025 को धूलण्ड़ी को 28 मार्च 2025 को जुमातुलविदा, 30 मार्च 2025 को चेटीचण्ड, 31 मार्च 2025 को ईदुलफितर के त्योहार पर्व आयोजित होने है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने आदेश जारी कर सार्वजनिक स्थानों पर भीड-भाड होने की संभावना को देखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट तहसीलदार को विशेष ड्यूटी मजिस्ट्रेट एतद्द्वारा नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने उपखण्ड मजिस्ट्रट डूंगरपुर उपखण्ड क्षेत्र डूंगरपुर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट सागवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र सागवाड़ा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट आसपुर उपखण्ड क्षेत्र आसपुर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट उपखण्ड बिछीवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र बिछीवाड़ा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट सीमलवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र सीमलवाड़ा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट गलियाकोट उपखण्ड क्षेत्र गलियाकोट, उपखण्ड मजिस्ट्रेट चिखली उपखण्ड क्षेत्र चिखली, उपखण्ड मजिस्ट्रेट साबला उपखण्ड क्षेत्र साबला, तहसीलदार झौथरीपाल तहसील क्षेत्र झौथरीपाल, तहसीलदार दोवड़ा तहसील क्षेत्र दोवड़ा, तहसीलदार गामडी अहाड़ा तहसील क्षेत्र गामडी अहाड़ा, तहसीलदार पाल देवल तहसील क्षेत्र पाल देवल, तहसीलदार ओबरी तहसील क्षेत्र ओबरी विशेष ड्यूटी मजिस्ट्रेट एतद्द्वारा नियुक्त किये गए हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट पूर्ण सतर्कता के साथ निगरानी रखेंगे तथा कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु समकक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरन्त उच्चाधिकारियों को देते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उक्त स्थानों के अलवा जिले के अन्य स्थनों के लिए संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार अपने-अपने कार्य क्षेत्र में कार्यपालक ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी तथा शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। उतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डूंगरपुर जिले की कानून व्यवस्था के लिए समग्र प्रभारी रहेंगे तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे एवं समय-समय पर कानून व्यवस्था की रिपोर्ट अवगत करायेंगे।

## वाल वाहिनी समिति की बैठक में बाल सुरक्षा पर दिया जोर

# तय मापदण्ड़ों से हो स्कूल की बाल वाहिनियों का संचालनः एसपी गोयल

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिले में यातायात के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप बाल वाहिनियों के संचालन के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक समिति संयोजक जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल एवं सदस्य सचिव जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा के सानिध्य में सम्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक गोयल ने कहा कि स्कूल संचालक ऑटो चालकों को वर्दी उपलब्ध कराएं जिससे ऑटो व वेन दूर से पहचान में आएगी।

उन्होंने स्कूल परिसर के आस पास धूम्रपान सामग्री नहीं बेचने व ऐसा करने वालों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करने तथा स्कूल की प्रार्थना सभा व अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की समय-समय पर जानकारी देने पर जोर दिया। जिला परिवहन अधिकारी बोहरा ने कहा कि तय नियमों की पालना नही करने पर वाहन चालक के विरूद्ध उचित कार्यवाही करते हुए वाहन सीज कर दिया जाएगा और इसके लिए निरन्तर जॉच अभियान चलेगा। आधार फाउण्डेषन के नारायण चौधरी ने बताया कि बैठक में बालकों की सुरक्षा का विषेष ध्यान रखने एवं तय मानदण्डों के अनुसार ही बाल वाहिनियों का संचालन करने के संबंध में दिषा-निर्देष देते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देष दिए। यातायात पुलिस उप अधीक्षक अशोक आंजना व यातायात पुलिस निरीक्षक सुनिल चारण ने भी उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में नगर निगम की अभियंता श्रीमती शशिबाला, एईन पीडब्ल्यूडी श्रीमती दिव्या सिंघल, शिक्षा विभाग से प्रेमशंकर आमेटा व ललित कुमार सिंह, एकता ऑटो युनियन से शेरू भाई, ऑटो टैक्सी यूनियन के हीरालाल शर्मा, महाराणा मेवाड़ स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी, सेंट जेवियर, सेंट ग्रेगोरियस स्कूल, खालसा पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों के प्रतिनिधि व आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी ने उपस्थित रहे।

### फरवरी माह में खाद्यान्न से वंचित रहे उपभोक्ताओं को अब मार्च माह में मिलेगा दोनों माह का राशन

**उदयपुर।** जिले में खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत फरवरी माह में खाद्याह्न से वंचित रहे उपभोक्त ।ओं को अब मार्च माह में दोनों माह का राशन मिलेगा। डीएसओ मनीष भटनागर ने बताया कि फरवरी माह में आवंटित खाद्याह्न का तकनीकी समस्याओं के चलते पूर्ण रूप से वितरण नहीं हो पाया था । ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए फरवरी के शेष रहे उपभोक्त ।ओं कों खाद्याह्न वितरण करने की अवधि 10 मार्च तक बढ़ाई है। डीएसओ ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक के उपायुक्त एवं उप शासन सचिव ब्रह्म लाल जाट ने एक आदेश जारी कर फरवरी में वंचित रहे उपभोक्त ।ओं को 10 मार्च 2025 तक खाद्याह्न वितरण करने के आदेश जारी किये गये है।

## खबर संक्षेप

### चलती कार में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

● पदमावत मीडिया

**मंडी धनौरा।** गांव दिसौरा के पास चलती कार में अचानक आग लग गई। चालक शुभम शर्मा ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मंडी धनौरा के धनौरा-फीना मार्ग पर गांव दिसौरा के पास सोमवार को चलती कार में आग लग गई। चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जनपद बिजनौर के कस्बा राजा का ताजपुर निवासी शुभम शर्मा सोमवार की दोपहर कार से गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही वह धनौरा-फीना मार्ग पर गांव दिसौरा के पास पहुंचे तो कार में अचानक आग लग गई।

### परीक्षा देने जा रही छात्रा और उसके चाचा की मौत

● पदमावत मीडिया

**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के पांडेयपार के पास ओवरटेक करने के दौरान एक स्कूली बस ने बगल से गुजर रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक और सवार किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई, जहां दोनों ने तीन घंटे के अंतराल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के समय मृतका किशोरी इंटर की परीक्षा देने अपने चाचा के साथ जा रही थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान घोसी कोतवाली क्षेत्र के अमिला नगर पंचायत के खनिगह निवासी रामरतन सिंह (52) पुत्र स्व. विरोधन सिंह के रूप में हुई।

### भारतीय कबड्डी खिलाड़ी प्रवेश ने निशा से की शादी

● पदमावत मीडिया

**मेरठ।** भारतीय कबड्डी और यू-मुंबा के प्रो कबड्डी खिलाड़ी प्रवेश मलिक ने दुल्हन को ही दहेज माना है। कबड्डी खिलाड़ी ने कहा कि वह दहेज के सख्त खिलाफ हैं। उन्होंने एक रुपये में रिश्ता किया है। शादी समारोह में कई राज्य और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हुए। शादी में शामिल लोगों ने नवदंपती को शुभकामनाएं दीं। हरियाणा के सोनीपत जिले के भैंसवाल गांव निवासी प्रवेश मलिक पुत्र स्वर्गीय चौधरी राजवीर सिंह भारतीय कबड्डी खिलाड़ी हैं। वर्तमान में वह रेलवे में सीटीआई के पद पर कार्यरत हैं। प्रवेश मलिक कबड्डी प्रो लीग में यू-मुंबा की टीम की तरफ से खेलते हैं। प्रवेश मलिक की शादी रविवार को निशा पुत्री भीम सिंह निवासी न्यू सैनिक कॉलोनी कंकरखेड़ा के साथ हुई। निशा मूल रूप से बागपत जनपद के सिनोली नंगला गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता भीम सिंह सीआईएसएफ में एसआई पद पर तमिलनाडु में तैनात है।

### चैतव कौतिक को राज्य मेला घोषित करने की मांग

● पदमावत मीडिया

**रानीखेत (अल्मोड़ा)।** जैनोली (सैमधार) में हर वर्ष लगने वाले प्राचीन चैतव कौतिक मेले को राज्य मेला घोषित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। चौगांव-फल्दाकोट-जैनोली (सैमधार) चैतव समिति ने संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में समिति ने कहा है कि यह मेला कुमाऊं की संस्कृति और परंपराओं का अनमोल धरोहर है।

# सुग्रीवानंद महाराज प्रभु चरणों में विलीन

## अंतिम दर्शन के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु

● पदमावत मीडिया





**नारी (ऊना)।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के गांव नारी स्थित डेरा बाबा रुद्रानंद के संस्थापक वेदांताचार्य 1008 स्वामी श्री श्री सुग्रीवानंद महाराज (96) प्रभु चरणों में विलीन हो गए। सोमवार को सुग्रीवानंद महाराज को हिमाचल सरकार ने राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई दी। महाराज की अंतिम यात्रा में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी शामिल हुए। उन्होंने सुग्रीवानंद महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। महाराज ने पीजीआई में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर रविवार को चंडीगढ़ से मैहतपुर-ऊना होते हुए तीन बजे डेरा बाबा रुद्रानंद पहुंचाया गया। हजारों की संख्या में अनुयायियों ने गुरु महाराज जी की जय, जब तक सूरज चांद रहेगा गुरु जी तेरा नाम रहेगा... के जयकारे लगाए। उनकी पार्थिव देह लक्ष्मी नारायण मंदिर के बड़े हॉल में रखी गई है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु अंतिम दर्शन करने के लिए खड़े रहे, आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उनके परम शिष्य एवं उत्तराधिकारी हेमानंद जी ने विधि विधान के साथ अपने गुरुदेव को माथा टेका। उसके बाद श्रद्धालुओं ने भी अंतिम दर्शन किए। कई किलोमीटर तक उनके भक्तों की कतारें दर्शनों के लिए नजर आई। महाराज श्री के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बनारस और हरिद्वार से आए अग्नि अखाड़े के संतों ने विधि-विधान से किया रात के समय भी दर्शन करने का क्रम निरंतर जारी रहा। श्रद्धालुओं ने पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा की।

### आश्रम में भक्तों ने किए पार्थिव देह के आखिरी दर्शन

वेदांताचार्य सुग्रीवानंद की पार्थिव देह डेरा बाबा रुद्रानंद गांव नारी जिला ऊना के आश्रम में भक्तों के लिए आखिरी दर्शनों के लिए रखी गई। आस्था के प्रतीक, सनातन धर्म के प्रकाश पुंज और उत्तर भारत की शान रहे महाराज के परलोक सिधारने पर पूरे इलाके में दुख और शोक की लहर है। सभी दुखी मन से महाराज जी को विदाई देने डेरा आश्रम पहुंचे। हिमाचल व्यापार मंडल ने महाराज के प्रति शोक प्रकट करते हुए सोमवार को ऊना में अपनी दुकानें बंद कर उनके प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की। प्रदेशाध्यक्ष सोमेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश व्यापार मंडल की ओर से शोक प्रकट करते हुए उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि, एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

### बेसिक शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब

## निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का कोई विचार नहीं



● पदमावत मीडिया

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का बजट सत्र जारी है। सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं ने विपक्ष के उठाए गए सवालों के जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि आरटीई में निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का सरकार का कोई विचार नहीं है। वहीं, दोपहर 3.15 बजे तक के लिए विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विधान परिषद की कार्यवाही में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, कोई माई का लाल आरक्षण नहीं छीन सकता है। वे सदन में सपा सदस्यों की ओर से निजीकरण के खिलाफ लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि बिजली विभाग के निजीकरण के जरिये सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है। वहीं, सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि निजीकरण का छिपा एजेंडा आरक्षण खत्म करना है। निजीकरण का ही नतीजा है कि कुंभ के दौरान दिल्ली से प्रयागराज का किराया, दिल्ली से लंदन तक के किराये से महंगा हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री को टूटी सीट पर बैठकर सफर करना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकारी विभागों के निजीकरण किए जाने से नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह जाएगी। इस पर केशव ने कहा कि सपा के लिए व्यक्ति और परिवार के बाद पार्टी और देश है, जबकि हमारी विचारधारा में देश सबसे ऊपर है। उसके बाद दल और व्यक्ति का नंबर आता है। सपा सदस्यों को नहीं भूलना चाहिए कि नोएडा में बिजली का निजीकरण मुलायम सिंह यादव की सरकार में हुआ था। केशव ने कहा कि अगर गंगा का जल प्रदूषित होता तो सपा के राष्टीय अध्यक्ष डुबकी कैसे लगाते।

## एटीएम में कैश डालने वाले ने ही की 68 लाख की चोरी

● पदमावत मीडिया

**मेरठ।** सब एरिया कैंटीन के पास एटीएम से कैश चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी शुभांशु शर्मा निवासी आनंद विहार रेलवे शिव मंदिर कोतवाली हापुड़ और उसके दोस्त कपिल कुमार निवासी बहजादपुर फलावदा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 14 लाख एक हजार 800 रुपये बरामद किए हैं। दो चाबी और बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा कराए गए 35 लाख रुपये भी सीज किए गए हैं। एटीएम में सेंधमारी किसी और ने नहीं, बल्कि एटीएम के संरक्षण की जिम्मेदारी संभालने वाले और सिक्योर वैल्यू कंपनी के कर्मचारी ने ही अपने दोस्त के साथ की थी। कपिल वारदात से पहले एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे की तार काट देता था। पुलिस लाइन में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने वारदात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को सदर बाजार पुलिस को सूचना मिली थी कि सब एरिया कैंटीन के पास सैन्यकर्मियों के लिए संचालित एसबीआई के एटीएम में लाखों रुपये की चोरी हो गई है। बैंक की टीम ऑडिट के लिए पहुंची तो वारदात की जानकारी हुई। एसपी सिटी ने बताया कि सिक्योर वैल्यू कंपनी के कर्मचारी शुभांशु शर्मा जरूरत के अनुसार जब चाहे किसी भी एटीएम से नकदी निकाल लेता था। जैसे ही उस एटीएम के ऑडिट की जानकारी मिलती थी, वह अपने दूसरे एटीएम से रकम निकालकर उस एटीएम की रकम पूरी कर देता था। 27 फरवरी को ऑडिट टीम को ब्रह्मपुरी क्षेत्र का एटीएम खाली मिला था। इसके बाद गोपनीय स्तर से जांच शुरु की गई।

## आकाश आनंद के बयान से और नाराज हुईं मायावती

### अब पार्टी से ही निष्कासित कर दिया

● पदमावत मीडिया



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद से नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी पद छीनने के बाद अब उन्हें पार्टी से ही निष्कासित कर दिया है। अपने फैसले के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बसपा की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं। अतः डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। आकाश आनंद ने अपनी सफाई में कहा था कि मैं मायावती जी का कैडर हूं और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं उस फैसले के साथ खड़ा हूं। मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया।

## बदली बयारः सौर ऊर्जा चकाचौंध, उड़ान भर रहा रियल इस्टेट पस्त

● पदमावत मीडिया

**कानपुर।** केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का असर कंपनियों के पंजीकरण में भी नजर आ रहा है। शहर में पहली बार सौर ऊर्जा, कृषि क्षेत्र और परिवहन से जुड़ी कंपनियों ने वड़ी संख्या में पंजीकरण कराया है। चमड़ा कंपनियों की रफ्तार भी ठीक है। पहले पंजीकरण में सबसे आगे रहने वाले रियल इस्टेट क्षेत्र में इस बार बहुत कम कंपनियां पंजीकृत हुई हैं। पंजीकृत कंपनियों में सबले बड़ा 14 प्रतिशत हिस्सा इस बार सौर ऊर्जा उत्पादक कंपनियों का रहा। करीब आठ फीसदी पंजीकरण चमड़ा और चर्म उत्पाद कंपनियों का हुआ। खास बात यह है कि कृषि क्षेत्र में भी 30 कंपनियों ने पंजीकरण करवाया। इनमें बीज उत्पादक व फूड प्रोसेसिंग कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा करीब 1प्रतिशत कंपनिया परिवहन, भंडारण और संचार के क्षेत्र पंजीकृत हुई हैं। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के एक अधिकारी के अनुसार पंजीकरण के समय ही कंपनियों का पैन-टेन, बैंक अकाउंट के साथ ही उसका ईपीएफ नंबर देने की सुविधा शुरू होने से पंजीकरण तेजी से बढ़ा है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म व लघु खाद्य उद्योगों को ब्याज पर 100 प्रतिशत सब्सिडी दिए जाने व आधारभूत ढांचा सुधरने से कंपनियों के पंजीकरण की रफ्तार पकड़ी है।

## मौसम का अलर्ट...औली में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक

● पदमावत मीडिया

**ज्योतिर्मठ (चमोली)/ देहरादून।** मौसम के अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने औली में पर्यटकों के प्रवेश पर सोमवार तक रोक लगा दी है। रविवार को भी पर्यटकों को ज्योतिर्मठ में ही रोक दिया गया। वहीं मंगलवार को मौसम सामान्य होने पर ही पर्यटकों को भेजा जाएगा। हाल ही में भारी हिमपात और माणा में हिमस्खलन की घटना से सबक लेते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। अब मौसम विभाग की ओर से भी फिर से अलर्ट जारी किया गया है जिसके चलते प्रशासन ने पर्यटकों के औली जाने पर रोक लगा दी है। रविवार को औली जाने वाले सभी पर्यटकों को ज्योतिर्मठ में ही रोक दिया गया। ज्योतिर्मठ के उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि सोमवार को भी मौसम का अलर्ट है। इस कारण औली में पर्यटकों की आवाजाही बंद रहेगी। मंगलवार को मौसम सामान्य होने पर ही पर्यटकों को औली जाने की अनुमति दी जाएगी। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में सोमवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और टिहरी जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई। जबकि, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले में आकाशीय बिजली चमकने के साथ का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वानुमान के अनुसार तीन मार्च के बाद प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, पश्चिमी विक्षोभ का असर कम हुआ है। ऐसे में तीन मार्च के बाद प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मैदान से लेकर पहाड़ तक धूप खिलने से तापमान में इजाफा होगा। इससे ठंड से राहत मिलेगी। वहीं, रविवार को धूप खिलने से ठंड से राहत मिली और तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। दून का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री बढ़ोतरी के साथ 27.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि, रात का न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री की कमी के साथ 10.1 डिग्री रहा।

## जैसलमेर जिले में थाना झिंझनीयाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# सोलर कम्पनी के सामान से भरे ट्रक को लूट करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** जैसलमेर जिले में थाना झिंझनीयाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर सोलर कम्पनी के सामान से भरे ट्रक को रूकवा धमकी देकर सामान लूट करने वाले गिरोह के दो सदस्य लोकेन्द्र सिह पुत्र उगमसिह उम्र 20 साल व समुन्द्र सिह पुत्र छुग सिह उम्र 32 साल निवासी बईया पुलिस थाना झिझनियाली जिला जैसलमेर को गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि 26 जनवरी को बईया स्थित अडानी सोलर एनर्जी की साईड 600 मेगावाट प्रोजेक्ट का जीएसएस का सामान एक ट्रक लेकर आ रहा था। बईया गांव पहुंचने पर अचानक लोकेन्द्र सिह व अन्य ने ट्रक को रूकवा कर खलासी व ड्राईवर को जान से मारने की धमकी देकर गाडी मे भरे सामान को लूट कर ले गये। रिपोर्ट पर थाना झिझनीयाली में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर चौधरी के आदेश पर अतिरिक्?त पुलिस अधीक्षक कैलाश दान जुगतावत के निर्देशन व सीओ रूपसिह इन्दा के सुपरविजन एवं थानाधिकारी सज्जन सिंह के नेतृत्व मे गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलित कर तकनीकी संसाधनों के आधार पर आरोपी लोकेन्द्र सिह व समुन्द्र सिह को दस्तयाब कर बाद पुछताछ गिरफतार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया जावेगा। प्रकरण में विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएचओ सज्जन सिंह सहित कांस्टेबल नवल सिंह, चंदन सिंह, महेंद्र सिंह एवं बाबूलाल शामिल थे।

# महासति रामप्रेम महाराज की डोलयात्रा में उमड़े हजारों श्रावक-श्राविकाएं

## 4 मार्च को प्रातः 9 बजे नानेश ध्यान केंद्र में गुणानुवाद सभा का होगा आयोजन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** आचार्य रामलाल महाराज की सुशिष्या साध्वी रामप्रेम महाराज की आज उदयपुर में डोल यात्रा निकली। साध्वी का एक दिन पहले उदयपुर में देवलोकगमन हो गया था। जिनकी सोमवार सुबह 9 बजे सुंदवास स्थित आचार्य श्री नानेश ध्यान केंद्र से डोल यात्रा (अंतिम यात्रा) रवाना हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में उदयपुर और बाहर से आए श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए अशोक नगर स्थित मोक्षधाम पहुंची। डोल में श्रावक श्राविकाओं ने अंतिम दर्शन किए। रास्ते में भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए खड़े थे। श्री साधुमार्गी जैन संघ, उदयपुर के अध्यक्ष सागर गोलछा ने बताया कि ग्लास फैक्ट्री-सुन्दरवास निवासी प्रेमदेवी बडालमिया को 13 जनवरी 2025 को आचार्य नानेश ध्यान केन्द्र परिसर मे महासती कमल महाराज आदि ने दीक्षा प्रदान की। उनका नवीन नामकरण साध्वी रामप्रेम महाराज किया गया था। रविवार शाम को साध्वी का संथारा सहित देवलोकगमन हो गया था। साधुमार्गी जैन संघ के मंत्री आशीष सहलोत ने बताया कि मंगलवार 4 मार्च को प्रातः 9 बजे आचार्य श्री नानेश ध्यान केंद्र में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया है। साध्वी रामप्रेमश्री का जीवन परिचय- समता युवा संघ, उदयपुर के अध्यक्ष सौरभ गोलछा ने बताया कि 76 वर्षीय प्रेम देवी बडालमिया ने 13 जनवरी 2025 को उदयपुर में दीक्षा ग्रहण की। आपका जन्म चित्तौडगढ़ के खोड़ीप में हुआ और उदयपुर के सुंदरवास में आप रहते थे। डोल यात्रा में समता युवा संघ के मंत्री मोनिन सुराणा, समता महिला समिति अध्यक्ष नीलम पोरवाल, मंत्री सरोज चपलोत, समता बहु मंडल अध्यक्ष प्रियंका जैन, मंत्री अदिति मोदी, साध्वी के सांसारिक परिवार जन, सांसारिक पुत्र सुभाष एवं जितेन्द्र बड़ालमिया, सुंदरवास संघ सहित हजारों श्रावक श्राविकाएँ सम्मिलित हुए।

# माय भारत (नेहरू युवा केंद्र ) उदयपुर द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत (नेहरू युवा केंद्र संस्थान) उदयपुर द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आदर्श नवयुवक मंडल, ब्राह्मणों की हूंदर में आयोजित की गई, जिसमें कबड्डी, रस्साकसी (बालिका वर्ग) और दौड़ (बालक एवं बालिका वर्ग) जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे खेल मैदान में शानदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच श्री मदन जी पंडित थे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श नवयुवक मंडल के अध्यक्ष श्री दिलीप चौबीसा ने की, जबकि नेहरू युवा केंद्र उदयपुर से गौरव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा, आदर्श नवयुवक मंडल के संरक्षक श्री राजेंद्र जी, लक्ष्मीलाल जी, मदन जी, रूपलाल जी, तथा संगठन के उपाध्यक्ष मुरली जी, जितेंद्र जी, जयदीप जी, जितेंद्र कुमार जी, अतुल जी, रोहित जी, विवेक जी, विशाल जी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेल मंत्री प्रमोद जी और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विजेताओं का सम्मान एवं कार्यक्रम का समापन

प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि श्री मदन जी पंडित ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक रहने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। कार्य म की संपूर्ण जानकारी प्रवक्त I श्री प्रकाश जी चौबीसा ने दी। आयोजन के सफल समापन के पश्चात सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को अल्पाहार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि युवाओं में खेल भावना और टीम वर्क को भी प्रोत्साहित किया। माय भारत (नेहरू युवा केंद्र संस्थान) उदयपुर द्वारा आयोजित यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता युवा ऊर्जा और खेल प्रतिभा को निखारने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुई।

## 3 मार्च से 5 मार्च तक इन ग्राम पंचायत में होंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** भारत सरकार की एग्री स्टेट योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविर 03 मार्च से 05 मार्च तक प्रत्येक तहसील ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने बताया कि इसके तहत तहसील गामडी अहाडा की ग्राम पंचायत नारेली, पादरड़ी, रामपुर मेवाड़ा तहसील आसपुर की ग्राम पंचायत बडलिया, वाडा घोडिया, धनेला, मसाणा, बनकोड़ा, लिलवासा, तहसील गलियाकोट की ग्राम पंचायत जसेला, भेसरा छोटा, गलियाकोट, नादिया, बाबा की बार, तहसील बिछीवाड़ा की ग्राम पंचायत छापी, करहलमाता, साबली, आसियावाव, कनबा, तहसील झौंथरी पाल की ग्राम पंचायत रोड़ा, भीण्डा, चौकी, सांसरपुर, तहसील सागवाड़ा की ग्राम पंचायत दिवड़ा छोटा, गामडा बामणिया, पारड़ा सरोदा, टामटीया, वणोरी, वमासा, कराड़ा, तहसील सीमलवाड़ा की ग्राम पंचायत रतनपुरा घुवेड, रामसौर जूना, सादड़िया, तहसील चिखली की ग्राम पंचायत बावड़ी पारड़ा दरियाटी, गुन्दलारा, उदड़िया, भचडीया खास, तहसील दोवडा की ग्राम पंचायत पाल कोलखंड़ा, लोलकपुर, मनपुर, सत्तू, तहसील साबला की ग्राम पंचायत सोलंज, भाडगा, लेम्बाता, नान्दली अहाड़ा रींछा, तहसील पालदेवल की ग्राम पंचायत गामड़ी देवल, बोखला, रोहनवाड़ा, सेरावाड़ा, तहसील डूंगरपुर की ग्राम पंचायत खेमारू, गोकुलपुरा, उटिया, उपरगांव, सुरपुर, मझोला, चक महुड़ी, तहसील ओबरी की ग्राम पंचायत फावटा, डैयाणा, डेचा, ओबरी, वरदा, मैं 03 मार्च से 05 मार्च तक इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने किसानों से शिविरों में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री करवाने के लिए अपील की है।

# जनसुनवाई में आए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर ।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने जनसुनवाई में आये प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने प्रकरणों की विभाग वार समीक्षा करते हुए एक-एक प्रकरण के बारे में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी से जानकारी ली तथा प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए परिवादी को दूरभाष पर जानकारी देने के निर्देश प्रदान किये। बैठक में समस्त विभागों की समीक्षा करते हुए पीएचईडी विभाग तथा मेजर प्रोजेक्ट के अंतर्गत पुनाली में बनी टंकी से आपूर्ति में आ रही विद्युत बाधा को दूर करने, पाइप लाइन टूटने के प्रकरणों में एवीएनएल, आरयूडीआईपी, पीएचईडी के अधिकारियों कोसमैन में के साथ फील्ड विजिट कर आवश्यक मरम्मत करवाने, समर कल्टेंजेंसी प्रस्तावभिजवाने, हैंड पंप खुदवाने, पेयजल आपूर्ति, मेजर प्रोजेक्ट में हुए कार्यो का भौतिक सत्यापन करवाने आदि की जानकारी लेते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में बैठक में एवीएनएल से समीक्षा के दौरान सूर्य घर योजना में प्रगति, पीडब्ल्यूडी के तहत हो रहे कार्यों में प्रगति, पशुपालन विभाग के मुख्यमंत्री मंगल बीमा योजना, राजीविका में बैंक खाता खोलने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में एनीमिया मुक्त अभियान, शिक्षा विभाग अपार आईडी अपडेशन, अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, सहकारिता विभाग में फार्मर रजिस्ट्री अभियान में किसानों की सहभागिता, वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान में विभिन्न विभागों के लक्ष्य सहित अन्य विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश प्रदान किये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़, उपवन संरक्षक रंगास्वामी-ई, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, उप-खण्ड अधिकारी डूंगरपुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहें।

## विशेष रेलगाड़ी डूंगरपुर से हरिद्वार-ऋषिकेश-आयोध्या (वाराणसी-सारनाथ) वाया राणा प्रताप नगर

### उदयपुर ट्रेन 07 मार्च 2025 को डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के अन्तर्गत विशेष रेलगाड़ी डूंगरपुर से हरिद्वार-ऋषिकेश-आयोध्या (वाराणसी-सारनाथ) वाया राणा प्रताप नगर उदयपुर ट्रेन 07 मार्च 2025 को प्रातः 11.40 बजे डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। देवस्थान विभाग राजस्थान उदयपुर आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि योजना की इस यात्रा गाड़ी में डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से 400 एवं राणा प्रताप नगर उदयपुर रेलवे स्टेशन से 376 कुल 776 यात्री यात्रा में सवार होंगे। इन 776 यात्रियों को दोनो रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए सूचित किया जा रहा है कि ताकि समस्त प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर सके। सहायक आयुक्त ऋषिभदेव डिवीजन के यात्रियों को डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 6 बजे सहायक आयुक्त उदयपुर डिवीजन के यात्रियों को राणा प्रताप नगर उदयपुर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 8 बजे से रिपोर्ट करना है। यात्रा में सभी यात्रियों की देख-रेख के लिए एक ट्रेन प्रभारी प्रत्येक कोच में दो सरकारी कर्मचारियों को अनुदेशक एवं चिकित्सा स्वास्थ्य के लिए एक डॉक्टर व दो नर्सिंग अधिकारी भी रहेंगे। जो यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। उन्होंने बताया कि यात्री अपने साथ ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की हार्डकॉपी (मय प्रमाणित चिकित्सीय प्रमाण पत्र), मूल जनआधार, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लेकर आना अनिवार्य होगा। साथ ही दैनिक उपयोग की सामग्री (आवश्यक औषधियां, व्यक्तिगत आवश्कता के लिए नगदी, कपडे) लाने होंगे। उक्त ट्रेन में 6 दिन तक यात्रियों के आवास, भोजन इत्यादि की समस्त व्यवस्थाएं देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार द्वारा की जाएगी। फलतः यात्रियों के लिए यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

# आरकेसीएल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा उदयपुर जिले में वार्षिक मीटिंग एवं सम्मान समारोह संपन्न

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** आरकेसीएल राजस्थान की ओर से प्रतिष्ठित सर्विस प्रोवाइडर सीएनसी इन्फोटेक जयपुर द्वारा उदयपुर जिले के आईटीजीके ज्ञान केंद्रो का सम्मान समारोह एवं वार्षिक मीटिंग संपन्न हुई।

सीएनसी इन्फोटेक से नरेश प्रताप सिंह, शक्ति सिंह एवं टीम, आरकेसीएल के जिला अधिकारी शरद शर्मा ने आमंत्रित ज्ञान केंद्रो को आरएससीआईटी एवं अन्य कंप्यूटर कोर्स अग्रिम बिजनेस सीजन हेतु प्रोत्साहित किया और मार्केटिंग हेतु सामग्री वितरित की गई। साथ ही सम्मान समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु स्वास्तिक कंप्यूटर एजुकेशन को जिले में सर्वश्रेष्ठ एडमिशन हेतु डायमंड कैटेगरी अवार्ड प्रदान किया गया। साथ ही आराधना क्लासेस, बेस्कॉम कंप्यूटर स्वास्तिक एजुकेशन की विभिन्न ब्रांचो को उत्कर्ष प्रदर्शन हेतु सिल्वर एवं ब्रोंज मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया। अन्य ज्ञान केंद्रो को भी सम्मानित किया गया।

# उदयपुर असरवा ट्रेन के डिब्बे बढ़ाने की मांग

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। आज के समय में आमजन के लिए ट्रेन और बस में यात्रा करना बहुत मुश्किल हो गया है समय-समय पर यात्रियों के लिए रेल बस सुविधाओं से आमजन को राहत मिले इस हेतु मुंबई राजस्थान परिवहन संघर्ष समिति का प्रयास जारी है। फिलहाल में संघर्ष समिति के अध्यक्ष मोहनलाल जैन कावा, खेड़ी ने बताया कि उदयपुर असरवा चलने वाली ट्रेन संख्या 20987/20988 के 1 जनवरी 2025 से समय परिवर्तन के पश्चात इस रेल में यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है वर्तमान में बढ़ती यात्री संख्या से यात्रियों को हो रही परेशानी को देखा जा सकता है। जनरल डिब्बे में तो पैर रखने की तक जगह नहीं मिलती है, स्लीपर क्लास में भी कई कई दिनों पूर्व आरक्षण करवाना पड़ता है। ऐसे में यदि अचानक यात्रा करनी पड़ जाए तो बहुत मुश्किल हो जाता है। समय परिवर्तन के बाद स्लीपर क्लास तथा जनरल डिब्बे में यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है । ऐसे समय में यात्री को टिकट आरक्षण में काफी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है । कावा जैन के अनुसार आने वाले समय होली, ग्रीष्मकालीन छुट्टियां, शादी त्यौहार, स्कूल की छुटिया आदि समय में यह ट्रेन में यात्रा करना काफी असंभव जैसा है। ऐसी स्थिति को निपटने के लिए संघर्ष समिति द्वारा रेलवे प्रशासन तथा एसडीसीएम तथा डीसीएम अजमेर डिविजनल को ईमेल तथा बातचीत करके शीघ्र से शीघ्र अधिक से अधिक डिब्बे बढ़ाने तथा इस ट्रेन से यात्रा करने वाले? यात्रियों को बोरीवली, दादर, मुंबई सेंट्रल, बांद्रा तक टिकट काउंटर पर देने की मांग की है। ताकि यात्रियों को बीच में नया टिकट नहीं लेना पड़े । और इसी टिकट से इस ट्रेन से उतरकर दूसरी ट्रेन से मुंबई आगे तक की यात्रा की जा सके। इसके साथ ही मांग पत्र में जनरल डिब्बे 5 से बढ़ाकर 8 डिब्बे बढ़ाने, स्लीपर क्लास 3 से बढ़ाकर 6 डिब्बे, 3 एसी कोच 1 से बढ़ाकर 2 करने की मांग की है। क्यों कि पूरे दिन में एक ही ट्रेन शाम को उदयपुर से असरवा ट्रेन संचालित होती है। अन्य ट्रेन उदयपुर से असारवा मध्य रात्रि से चलती है। इससे मेवाड वासियों को यात्रा का लाभ नहीं मिल पाता है। 20987/88 रेल में डिब्बे की संख्या बढ़ने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। तथा ट्रेन में यात्रियों को यात्रा करने का सुखद अनुभव होगा।

# रोटरी क्लब उदयपुर मीरा के सहयोग से उदयपुर में इक्विलिब्रियम प्रदर्शनी टखमन आर्ट सेंटर शुरू

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदयपुर मीरा के सहयोग से टखमन आर्ट सेंटर, उदयपुर में प्रोजेक्ट इक्विलिब्रियम की प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। यह प्रदर्शनी 7 मार्च 2025 तक जारी रहेगी। रोटरी क्लब उदयपुर मीरा की अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने बताया कि उद्घाटन सत्र में क्यूरेटर शिल्पा रांगणेकर ने संदर्भ की भूमिका और कलात्मक सहभागिता पर अपने विचार साझा किए।

उनके साथ प्रदर्शनी में भाग लेने वाली कलाकार अदिति अनेराव और दीपर्णा साहा ने भी अपने अनुभव और कलाकृतियों की प्रक्रिया पर चर्चा की। इस प्रदर्शनी में कलाकार अदिति अनेराव, दीपर्णा साहा, एंथनी शेफर्ड और ईवा जॉय की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। ये कलाकृतियाँ परतापुर में हुई रेजीडेंसी के दौरान हुई रचनात्मक चर्चाओं और स्थानीय समुदायों के साथ हुए संवाद को दर्शाती हैं। टखमन आर्ट सेंटर, उदयपुर, रोटरी क्लब उदयपुर मीरा के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी को संदर्भ आर्टिस्ट रेजीडेंसी , बेणेश्वर लोक विकास संस्थान परतापुर और आर्टकोर, यूके के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है। ये प्रदर्शनी कला और समुदाय के बीच संबंधों की पड़ताल करते हुए इंटर-कल्चरल संवाद को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. मधु सरीन ने बताया कि यह प्रोजेक्ट इक्विलिब्रियम 2014 में स्थापित एक सांस्कृतिक पहल है, जो कला को दैनिक जीवन से जोड़ती है और समुदाय-केंद्रित कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देती है। यह परियोजना परतापुर बांसवाड़ा में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें नए कौशल सीखने और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करती है। इस संस्करण को आर्टकोर (यूके) के सहयोग से और आर्ट्स काउंसिल इंग्लैंड के समर्थन से आयोजित किया गया है।

इस बार रेजीडेंसी में डिजाइन को एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में शामिल किया गया, जिससे कला, शिल्प और उपयोगिता के बीच संवाद को व्यापक किया जा सके। प्रियंका जैन ने सभी कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों में अदिति अनेराव (भारत), दीपर्णा साहा (कोलकाता, भारत), एंथनी शेफर्ड (यूके) और ईवा जॉय (यूके) शामिल हैं। इन कलाकारों ने रेजीडेंसी के दौरान स्थानीय समुदायों के साथ संवाद स्थापित कर, कार्यशालाओं का आयोजन किया और पारंपरिक शिल्पकारों के साथ मिलकर काम किया। उनकी कलाकृतियाँ इन साझा अनुभवों और सांस्कृतिक संदर्भों को दर्शाती हैं। आज इस प्रदर्शनी में शहर के कलाकारों, कलाप्रेमियों, विद्यार्थियों व रोटरी क्लब उदयपुर ने अवलोकन कर संवाद किया।

### समुदाय-केंद्रित कला का विस्तार

प्रोजेक्ट इक्विलिब्रियम पारंपरिक कलाकार रेजीडेंसी मॉडल से आगे बढ़कर स्थानीय सामाजिक ढांचे में गहराई से समाहित है। यह पहल महिलाओं और कलाकारों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करती है, जिससे समुदाय के भीतर रचनात्मक संभावनाएँ विकसित हो सकें। इस प्रदर्शनी में दर्शक उन कलाकृतियों से जुड़े हैं, जो इस रेजीडेंसी के दौरान विकसित हुईं और जो कला, समुदाय और संवाद की एक सशक्त अभिव्यक्ति प्रस्तुत करती हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।